MINISTRY OF POWER AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (DR. S. VENUGOPALACHARI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The guidelines for encouraging private sector participation in power sector are equally applicable to projects set up in private as well as public sector after 30-3-1992. Public Sector Undertakings (PSUs) are encouraged to collaborate with private promoters to take up power projects as joint ventures in the private sector. The PSUs are also encouraged to set up captive co-generation power plants.

तेल-शोधक कारखानों द्वारा कम उत्पादन किया जाना

2163. **श्री राम जेठमलानी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक क्षेत्र के तेल-शोधक कारखाने वर्ष 1996-97 की अपनी उत्पादन क्षमता की तुलना में कम उत्पादन कर रहे हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या-क्या हैं;

(ग) क्या गत तीन वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के मंगलोर तेल-शोधक कारखाने, मथुरा तेल-शोधक कारखाने, कोचीन तेल-शोधक कारखाने, मद्रास तेल-शोधक कारखाने तथा बोंगाईगांव तेल-शोधक कारखाने का उत्पादन क्रमशः अपनी-अपनी अधिष्ठापित उत्पादन-क्षमता से कम रहा है;

(घ) यदि नहीं, तो उक्त तेल-शोधक कारखानों में से प्रत्येक कारखाने की उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है तथा उनकी कितनी प्रतिशत उत्पादन क्षमता का उपयोग किया गया है; और

(ङ) क्या उत्पादन क्षमता के अल्प उपयोग के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि होने की भी संभावना है, यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी०आर० बालू): (क) से (घ) अप्रैल, 1996 से नवम्बर, 1996 की अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों का समग्र क्षमता उपयोग (अनंतिम) स्थापित क्षमता का लगभग 103.6% था। पिछले तीन वर्षों के दौरान कोचीन, मद्रास, बोंगाईगांव और मथुरा रिफाइनरी में सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों का प्रतिशत क्षमता उपयोग नीचे दिया गया है:—

रिफाइनरी	प्रतिशत क्षमता उपयोग		
	1993-94	1994-95	1995-96
कोचीन	108.0	114.1	98.9
मद्रास	88.1	106.5	86.1
बोंगाईगांव रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि० (बी आर पी एल)	86.4	87.3	90.0
मथुरा	113.4	111.7	111.1

संयुक्त उद्यम कंपनी, मंगलौर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल्स लि० (एम आर पी एल) मार्च, 1996 में ही चालू की गई थी।

(ङ) स्थिर लागत प्रभाव के कारण रिफाइनरी के निम्नतर क्षमता उपयोग से उत्पादन की लागत अधिकतर होती जाती है।

Proposal for Private Participation in Power Sector

2164. SHRIMATI JAYANTI PATNAIK: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have a proposal to increase private participation in the power sector; and

(b) if so, the proposal finalised in this regard for 9th Five Year Plan?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (DR. S. VENUGOPALACHARI): (a) Yes, Sir.

(b) The capacity addition programme for the 9th Plan is under finalisation.